सोमवार
02 अक्टूबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

किसी के आने-जाने से राजद को कोई फर्क नहीं: शक्ति सिंह यादव

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

तेलंगाना के महबूबनगर में पीएम ने जनता को किया संबोधित, किया ऐलान

मुलुगु में 900 करोड़ से स्थापित होगा जनजातीय विश्वविद्यालय

♦ सम्मानित आदिवासी महिला सम्मक्का सरक्का के नाम पर रखा जाएगा केंद्रीय जनजातीय यूनिवर्सिटी का नाम

एजेंसी/नई दिल्ली

तेलंगाना के महबूबनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलुगु में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका नाम सम्मानित आदिवासी महिला सम्मक्का-सरक्का के नाम पर रखा जाएगा और इस विश्वविद्यालय पर 900 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पीएम की इस घोषणा के बाद वहां मौजूद हजारों लोगों ने जोरदार तालियों के साथ उनका धन्यवाद ज्ञापन किया।

पीएम ने दावा किया कि हाल के वर्षों में तेलंगाना के लोगों ने लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में बीजेपी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज यहां जो जनसैलाब दिख रहा है, उससे मैं आश्वस्त हूं कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव का अपना इरादा पक्का कर लिया है। पीएम ने कहा कि मैं इसके लिए तेलंगाना के लोगों को उनके प्रेम के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं अभी एक सरकारी कार्यक्रम में हूं, इसलिए मैंने खुद को वहीं तक सीमित रखा है। 10 मिनट बाद मैं खुले मैदान में जाऊंगा। वहां खुलकर बोलूंगा। उन्होंने कहा कि यहां आने से पहले आज सुबह स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। मैं देशवासियों से स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान करता हूं कि वे भी एक घंटा निकालकर इस अभियान में शामिल हों।

तेलंगाना में अब भ्रष्ट सरकार के बजाय पारदर्शी और ईमानदार सरकार की जरूरत

राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना बदलाव चाहता है, क्योंकि लोगों को राज्य में भ्रष्ट सरकार के बजाय पारदर्शी और ईमानदार सरकार की जरूरत है। तेलंगाना बदलाव चाहता है क्योंकि उसे झूठे वादों के बजाय जमीन पर काम देखना है। तेलंगाना बदलाव चाहता है क्योंकि वह राज्य में भाजपा की सरकार चाहता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं के माध्यम से पैसा कमा रही है। सिंचाई परियोजना के बहाने तेलंगाना में भ्रष्टाचार हुआ है। क्या आपने कभी सुना है कि किसी सिंचाई परियोजना का उद्घाटन तो हुआ, लेकिन उसमें किसानों के लिए पानी नहीं है? इसका नजारा तेलंगाना में देखा जा सकता है।

इससे पहले पीएम मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने प्रमुख सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इतना ही नहीं उन्होंने हैदराबाद यूनिवर्सिटी के लिए भी पांच नई बिल्डिंगों का भी उद्घाटन किया।

केंद्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए कई काम किए

महिला आरक्षण बिल को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना की धरती वीरांगना की धरती है। देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया है। अब महिलाओं की आवाज पहले से ज्यादा होगी. तेलंगाना ने मोदी को मजबूत किया है और मोदी ने तेलंगाना समेत देश की महिलाओं को सशक्त किया है। तेलंगाना की बहनें जानती हैं कि उनका एक भाई दिल्ली में हैं, जो उनका जीवन बेहतर करने के लिए जी जान से जुटा हुआ है। पीएम आवास योजना से गरीबों को घर देना हो, मुफ्त गैस कनेक्शन देना हो। हमने महिलाओं का काम आसान करने के लिए बहुत काम किए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी तेलंगाना के लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 2014 तक तेलंगाना में 2.5 हजार किलोमीटर रोड बनाया गया था, लेकिन हमने इतने लंबे हाईवे, नौ वर्षों में बनाए हैं। हम अपने अन्नदाता को सम्मान दे रहे हैं। उनकी मेहनत का सही मूल्य दे रहे हैं।

पुरानी पेंशन योजना को दोबारा लागू करने की मांग बरकरार

एजेंसी/नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन योजना लागू करने को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मचारियों की भारी भीड़ जुटी हुई है। सरकारी कर्मचारियों की मांग है कि इसे दोबारा से लागू किया जाए। पुरानी पेंशन योजना के तहत 2004 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को दी जाती है। इस पेंशन योनजा के तहत एक निश्चित राशि पेंशन के रूप में दी जाती है। यह राशि कर्मचारियों के रिटायरमेंट के वक्त वेतन के आधार पर तय किया जाता था। वहीं 2004 से रिटायर हुए सरकारी कर्मचारियों को नई पेंशन योजना का लाभ दिया जाता है। पुरानी पेंशन योजना को सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया. इसके बाद छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में ये स्कीम लागू की गई है।

सरकारी कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विपक्षी दलों की ओर से पूरा समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में बीकेयू नेता राकेश टिकैत और आप नेता सरकारी कर्मचारियों को समर्थन देने रामलीला मैदान पहुंचे हुए थे। वहीं संजय सिंह ने कहा कि 40 दिन विधायक सांसद रहने वाले को पूरी जिंदगी पेंशन मिल रही है तो 40 साल काम करने वाले कर्मचारियों को क्यों नहीं।

पुरानी पेंशन योजना और नई पेंशन योजना में अंतर

पुरानी पेंशन योजना

- कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय मिल रहे वेतन की आधी रकम पेंशन के रूप में दी जाती है
- ओपीएस के तहत कर्मचारियों के वेतन से पेंशन के लिए कोई पैसा नहीं कटता है
- पुरानी पेंशन योजना के तहत भुगतान सरकार अपने खजाने से पेमेंट करती है
- 20 लाख तक ग्रेच्युटी मिलती है
- इसमें जनरल प्रोविडेंड फंड का प्रावधान है
- इसमें छह महीने बाद महंगाई भत्ता बढ़ाने का प्रावधान है

नई पेंशन योजना में क्या

- कर्मचारी की बेसिक सैलरी और डीए का 10 % हिस्सा कटता है
- नई पेंशन योजना शेयर बाजार पर आधारित है, ? जिस कारण यह उतना सुरक्षित नहीं है
- इसमें छह महीने बाद महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का प्रावधान नहीं है
- रिटायरमेंट के बाद निश्चित पेंशन की गारंटी नहीं है
- टैक्स कटौती के तहत भी आता है
- रिटायरमेंट के बाद पेंशन पाने के लिए आपको 40 % एनपीएस का हिस्सा एन्युटी में निवेश करना होगा

बडगाम के डीएसपी और एएसपी निलंबित

दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार के मामले में बडगाम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौहर अहमद खान और हाल ही में गिरफ्तार किए गए डीएसपी आदिल मुस्ताक को निलंबित करने का आदेश दिया है। यह आदेश रविवार को जम्मू-कश्मीर सरकार के गृह विभाग की ओर से जारी किया गया है।

एक आदेश के अनुसार, जम्मू-कश्मीर गृह विभाग ने कहा कि डीएसपी आदिल मुश्ताक को 21 सितंबर से निलंबित माना जाएगा, जिस दिन उन्हें भ्रष्टाचार रोकथाम कानून- 1988 की धारा 7, 7 ए और भारतीय दंड संहिता की धारा 167, 193, 201, 210, 218, 221 के तहत पुलिस स्टेशन नौगाम में एफआईआर संख्या 149/2023 के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आदेश में कहा गया है कि निलंबन की अवधि के दौरान वह जोनल पुलिस मुख्यालय कश्मीर से जुड़े रहेंगे। वहीं, एक अलग आदेश में बडगाम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौहर अहमद खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

मशहूर अभिनेता सह पूर्व भाजपा नेता राजकुमार सोमेंद्र की दो टूक

कुकी व मैतेई समुदायों को केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर खत्म करने चाहिए

एजेंसी/नई दिल्ली

मणिपुर हिंसा के लेकर वहां के मशहूर अभिनेता राजकुमार सोमेंद्र उर्फ ह्यकैकू' ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कुकी और मैतेई समुदायों को मतभेद दूर करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक संयुक्त बैठक करनी चाहिए। मणिपुर के अभिनेता राजकुमार सोमेंद्र ने हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता छोड़ी है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जारी हिंसा के कारण बहुत से लोग बेघर हो गए हैं और कई लोगों ने अपना रोजगार खो दिया है।

अभिनेता और पूर्व बीजेपी नेता राजकुमार सोमेंद्र ने कहा कि अब समय आ गया है कि शांति स्थापित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।संघर्षरत दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों को एकसाथ आना चाहिए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलना चाहिए और सभी बिंदुओं पर चर्चा कर मतभेदों को हल करना चाहिए।

छोटे कलाकारों की हालत दयनीय

पिछले पांच महीने से मणिपुर में जारी हिंसा के कारण 175 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस हिंसा के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं जो अस्थायी शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। अभिनेता ने कहा कि काम के अभाव में राज्य के छोटे कलाकारों की हालत दयनीय हो गई है। कलाकारों के पास कोई काम नहीं है और उनके लिए अपने परिवार का भरण-पोषण करना लगभग असंभव हो गया है। वास्तव में, राज्य में आम लोगों की स्थिति बेहद कठिन हो गई है।

अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर पूर्व भाजपा नेता राजकुमार ने कहा कि उन्होंने अभी इस बारे में नहीं सोचा है। उन्होंने कहा कि पहले पूरे राज्य में शांति कायम होने दें। एक बार शांति स्थापित हो जाए तो मैं अपने राजनीतिक भविष्य के बारे में सोचूंगा। फिलहाल सबसे महत्वपूर्ण चीज इस हिंसा को खत्म करना है।

आज से हर घर सोलर अभियान आयोजित करेगी योगी सरकार

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

♦ आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट-मीटर की स्थापना के संबंध में दी जाएगी जानकारी

प्रदेश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे रही योगी सरकार आज से पूरे माह लखनऊ एवं वाराणसी सोलर सिटी में ₹हर घर सोलर अभियान₹ आयोजित करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य यूपीनेडा द्वारा सोलर एनर्जी पालिसी-2022 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 6000 मेगावाट सोलर रूफटॉप संयंत्र के (आवासीय/व्यवसायिक) लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में प्रयास करना है।

यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 'हर घर सोलर अभियान' के अंतर्गत पहला बूट कैम्प लखनऊ के विकासभवन में तथा वाराणसी में नगर निगम कार्यालय के निकट आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि उपभोक्ताओ के हित में आयोजित इस कैम्प में आवासीय एवम् व्यवसायिक उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य विभिन्न विभागों के सम्बधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। कैम्प के दौरान सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना के सम्बन्ध में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट-मीटर की स्थापना की प्रक्रिया के सम्बन्ध में भी जानकारी दी जाएगी।

स्वच्छता अभियान से जरूरी है दिलों में भरी गंदगी को साफ करना: दानिश अली

एजेंसी/नई दिल्ली

बीएसपी सांसद दानिश अली लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अब उन्होंने स्वच्छता अभियान के जरिए बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी का नाम लिए बिना उनपर तंज कसा है। साथ ही उन्होंने आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में प्रधानमंत्री मोदी से कार्रवाई करने की भी अपील की। दानिश अली ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि स्वच्छता अभियान बहुत जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है दिलों में भरी गंदगी को साफ करना। नरेंद्र मोदी जी चुप्पी तोड़िये और सफाई की शुरूआत संसद में हुए गंदे आचरण पर कठोर कार्रवाई से कीजिए. गली और सड़कों की सफाई का क्या फायदा जब लोगों के दिल नफरत की गंदगी से लबालब भरे हों।

गौरतलब है कि बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद के विशेष सत्र के दौरान दानिश अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसके बाद दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। विपक्षी दलों ने भी बीजेपी पर इस मामले को लेकर जोरदार हमला बोला है। दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पीएम मोदी को भी पत्र लिखा। बीएसपी सांसद ने इस बारे में एक्स पर लिखा था कि दुनिया देख रही है। आप इस बार भी खामोश हैं। मैंने प्रधानमंत्री और लोकसभा के नेता नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा। मेरा उनसे अनुरोध है कि संसदीय मयार्दा को बनाए रखें और उसकी रक्षा करें। अपनी चुप्पी तोड़ें, क्योंकि दुनिया भारत को करीब से देख रही है।

15 दिनों के अंदर ही बदले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के सुर, कहा-

भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए कनाडा प्रतिबद्ध

एजेंसी/नई दिल्ली

18 सितंबर को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने संसद से भारत पर उनके देश में हुए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था। इस आरोप के कारण दोनों देशों के बीच के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हो गए थे। लेकिन भारत की तरफ से इस पूरे मामले पर इतना सख्त रवैया अपनाया गया कि अब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो नरम पड़ते दिख रहे हैं। हाल ही में कनाडा के राष्ट्रपति ट्रूडो ने कहा कि कनाडा भारत के साथ अपने 'घनिष्ठ संबंध' बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। मॉन्ट्रियल में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत को लेकर कहा कि जून में ब्रिटिश कोलंबिया में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के शामिल होने के विश्वसनीय आरोपों के बाद भी, कनाडा भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रूडो ने आगे कहा कि

मुझे लगता है ये बहुत जरूरी है कि कनाडा और उसके सहयोगी विश्व मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए उसके साथ रचनात्मक और गंभीरता से जुड़ते रहें।

ट्रूडो ने कहा- भारत बढ़ती आर्थिक ताकत

सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रूडो कहते हैं कि भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक ताकत है और जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति प्रस्तुत की थी, हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं। वहीं जाहिर तौर पर, कानून के शासन वाले देश के रूप में, हमें इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसे कनाडा के साथ काम करने की जरूरत है कि ताकि इस मामले के पूरे तथ्य मिलें।

आरोप के बाद भारत का पलटवार शुरू

निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाए जाने के बाद से ही भारत ने कनाडा पर पलटवार करना शुरू कर दिया था। भारत और कनाडा दोनों देशों ने ही अपने-अपने देशों से एक दूसरे के उच्चायुक्तों को भी निकाल दिया है। इन्हीं तनावों के बीच भारत के विदेश मंत्री यूएनजीए की बैठक में हिस्सा लेने अमेरिका पहुंचे और वहां उनकी मुलाकात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से हुई। कनाडा को उम्मीद थी कि इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाएंगे। लेकिन भारत और अमेरिकी विदेश मंत्री की मुलाकात को लेकर अमेरिका का तरफ से जो भी जारी किए गए, उसमें निज्जर और कनाडा का जिक्र ही नहीं किया गया।

दावों के अनुरूप नहीं मिले साक्ष्य

भारत पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाए हुए 10 दिन से भी ज्यादा का समय हो गया है। इस बीच कनाडा ने कई बार दावा भी किया कि उनके पास पुख्ता सबूत है। लेकिन ये सबूत केवल दावों और आरोपों में ही सिमटकर रह गए हैं। ट्रूडो की तरफ से अब तक एक भी पुख्ता सबूत पेश नहीं किया जाना भारत का पक्ष और मजबूत कर रहा है। न्यूयॉर्क में डिस्कशन एट काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा की तरफ से लगाए गए आरोप पर कहा कि हमने कनाडाई लोगों से कहा कि ऐसा करना हमारे देश की नीति नहीं है. अगर कनाडा के पास इस तरह के आरोप लगाने का कोई सबूत है तो उसे पेश करें।



नेता प्रतिपक्ष के बयान पर बोले राजद के मुख्य प्रवक्ता...

किसी के आने-जाने से राजद को कोई फर्क नहीं

केटी न्यूज/पटना

- प्रमुख प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव बोले, राजद में वहीं टिकते हैं जो जनहित के लिए लड़ते हैं लड़ाई

आगामी चुनाव से पहले ही बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो चली है। पक्ष और विपक्ष दोनों दलों के नेताओं की बयान बाजी चुनाव के समय की पटकथा बयां कर रहे हैं। हाल के दिनों में उठे आनंद माहन के मामले को लेकर दोनों पक्षों में घमसान रविवार को भी देखने को मिला। बिहार के हाजीपुर में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान आनंद मोहन के भाजपा में स्वागत पर उन्होंने कहा था कि जो भारत के प्रधानमंत्री के मंत्र को ग्रहण करेगा और सबका साथ, सबका विकास' के भाव को स्वीकार करेगा। उनको भाजपा स्वीकार करेगी।

इन सबके बीच रविवार को आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोई कहीं भी जाए राष्ट्रीय जनता दल को कोई फर्क नहीं पड़ता। शक्ति सिंह यादव ने कहा कि आज तक आरजेडी से कई लोग कितने दलों में गए। सब दल में लालू यादव के ही प्रोडक्ट हैं। किसी के जाने से आरजेडी की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। जो नेता आरजेडी छोड़कर दूसरे दलों में गए उनकी क्या स्थिति आज है वह देख लीजिए। आरजेडी में लोकतंत्र है. सबकी बात यहां सुनी जाती है। आरजेडी में वही लोग टिकते हैं जो जनहित के लिए लड़ाई लड़ते हैं।

राजद सांसद ने ठाकुरों पर नहीं दिया कोई गलत बयान

शक्ति यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा का यह कहना कि मोदी मंत्र को आनंद मोहन ग्रहण करेंगे तो उनका बीजेपी में स्वागत है और आरजेडी में कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति नहीं रह सकता, यह फालतू बयान है। उन्होंने कहा कि आरजेडी सांसद मनोज झा ने ठाकुरों पर कोई भी गलत बयान नहीं दिया है। शक्ति यादव ने पीएम मोदी और अमित शाह पर तंज कसा। कहा कि बीजेपी में वही रह सकता है जो पीएम मोदी और अमित शाह की सुने। इन दोनों के अलावा बीजेपी में किसी नेता की कोई हैसियत नहीं। शक्ति यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने बिल्कुल सही कहा कि हिंदू धर्म को किसी राष्ट्र या भूभाग विशेष में बांधना उसकी अवमानना है। चुनाव नजदीक आते ही बीजेपी को हिंदू धर्म, हिंदू राष्ट्र की बात याद आने लगती है। बता दें कि आरजेडी सांसद मनोज झा ने ठाकुरों को लेकर सदन में कविता पढ़ी थी। इस कविता के बाद उनके विचारों का आनंद मोहन और आरजेडी से उनके विधायक बेटे चेतन आनंद ने विरोध किया है। वहीं लालू और तेजस्वी ने मनोज झा का समर्थन किया है। आनंद मोहन और चेतन आनंद को फटकार लगाई थी।

आनंद मोहन पर नहीं चलेगा भाजपा का मोदी मंत्र : राजीव रंजन प्रसाद

पटना। जदयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद ने रविवार को कहा कि पूर्व सांसद आनंद मोहन बहुत लोकप्रिय नेता हैं। जमीन पर पकड़ है। समाजवादी आंदोलन से जुड़े रहे हैं। वे बीजेपी के साथ कभी नहीं जाएंगे। आनंद मोहन महागठबंधन को मजबूत करेंगे। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा के झांसे में आनंद मोहन नहीं आने वाले हैं। राजीव रंजन ने कहा कि बिहार सरकार ने जेल कानून में बदलाव कर बाहुबली नेता आनंद मोहन को जेल से रिहा किया था। उस वक्त बीजेपी ने जमकर विरोध किया था यह कहते हुए कि उन्होंने दलित आईएएस की हत्या की है। अब नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा कह रहे कि मोदी मंत्र को ग्रहण करेंगे तो बीजेपी में उनका स्वागत है। जेडीयू नेता ने बताया कि मोदी मंत्र अब किसी काम का नहीं है। पीएम मोदी अब चुनाव जिताऊ नेता नहीं रहे। उनका करिश्मा खत्म हो चुका है। राहुल गांधी के बयान का जेडीयू समर्थन करती है। राहुल ने बिल्कुल सही कहा कि हिंदू धर्म को किसी राष्ट्र या भूभाग विशेष में बांधना उसकी अवमानना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले हिंदू धर्म के ठेकेदार बनते हैं। क्या इस पर उनकी कॉपीराइट है? हिंदू धर्म के लोग पूरी दुनिया में रहते हैं। हिंदू राष्ट्र बनाने की बात बीजेपी जो करती है यह उसकी बेवकूफी का परिचायक है।

जच्चा-बच्चा की मौत, गम में ससुर की भी गई जान

समस्तीपुर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोरबद्धा वार्ड संख्या 37 स्थित साहू टोल मोहल्ले में रविवार को जच्चा-बच्चा की मौत के गम में ससुर के प्राण भी उड़ गए। एक साथ तीन-तीन मौत पर पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। तीन मौतों से परिवार को बड़ा सदमा लगा है। दीपक साह की पत्नी रीना देवी (22 वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने के बाद शहर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर पहुंचे। सुबह दरवाजे से अर्थी उठी और महज कुछ ही कदम आगे लोग बढ़े ही थे कि दीपक के पिता भोला साह (55 वर्ष) की भी सदमे में मौत हो गई। भोला साह अपने पुत्र दीपक के साथ गांव में ही हलवाई का काम करते थे।

2024 में लोकसभा व विधानसभा का चुनाव तय

बोले चिराग

केटी न्यूज/सासाराम

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जमुई सांसद चिराग पासवान रविवार को रोहतास के संझौली में आयोजित कानू हलवाई संघर्ष सेना के महासम्मेलन में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए सांसद चिराग पासवान ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव 2024 के साथ ही बिहार विधानसभा का भी चुनाव होना तय है। अभी से कार्यकर्ता तैयार हो जाएं।

जमुई सांसद चिराग पासवान ने कहा कि ऐसे में यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में इस चुनाव को काफी गंभीरता से लेने की जरूरत है क्योंकि पिछले 33 साल से बिहार में आरजेडी और जेडीयू के नेता सरकार चला रहे हैं। लेकिन फिर भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से लेकर विभिन्न मसलों में बिहार को देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है।

सरकार को बदलना बेहद जरूरी : चिराग पासवान ने कहा कि बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए सरकार को बदलना बेहद जरूरी है। कार्यकर्ताओं के अलावा सभी लोगों से अपील की और कहा कि एक-एक लोग इस सरकार के खिलाफ गोलबंद हो जाएं ताकि जब लोकसभा के साथ विधानसभा का चुनाव होगा तो अपने वोट का प्रयोग कर बिहार की सरकार को बदलने में किया जाएगा। बता दें कि संझौली में कानू हलवाई संघर्ष सेना के महासम्मेलन में भाग लेने जमुई के सांसद चिराग पासवान पहुंचे थे। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ थी, जिसे नियंत्रित करने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ी. कार्यकर्ताओं ने चिराग पासवान को उपहार भेंट की।

इससे पहले पटना एयरपोर्ट पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जेडीयू के विधायक हम लोगों के संपर्क में हैं। यह बात हकीकत है कि जेडीयू में सब कुछ ठीक नहीं है। जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि उन्हीं के नेताओं में एक असंतोष की भावना है। धीरे-धीरे यह सतह पर दिखने लगा है। अब वह वह दिन दूर नहीं है जब जेडीयू में एक बड़ी टूट देखने को मिलेगी।

सिपाही भर्ती परीक्षा में आरा से 48 तो छपरा से 21 अभ्यर्थी पकड़े गए

केटी न्यूज/पटना

राज्य में रविवार को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में अलग-अलग जिलों से कई मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया गया है। आरा में अकेले 48 पकड़े गए हैं तो वहीं जहानाबाद में 11 मुन्ना भाई पकड़े गए हैं। नवादा में भी 11 और छपरा में दोनों पालियों को मिलाकर 21 गिरफ्तारी हुई है। पहले दिन सॉल्वर गैंग ने खूब होश उड़ाए। वहीं, बिहार के छपरा में विभिन्न परीक्षा केंद्रों से 21 गिरफ्तारी हुई है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने इसकी जानकारी दी है। परीक्षा में कदाचार में संलिप्त कुल 21 परीक्षार्थियों के पास से दो मोबाइल, 10 ईयर पीस, आठ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, एक वॉकी-टॉकी, चार वॉच बैटरी, पांच आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड, चार एडमिट कार्ड जब्त किया गया है।

नवादा में 22 केंद्रों पर सिपाही भर्ती की परीक्षा हुई। पहले दिन सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ के सहारे नकल करते तीन समेत कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक परिजन भी शामिल हैं। अनाधिकृत तरीके से परीक्षा ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कौआकोल बीडीओ समेत नौ अधिकारियों से डीएम जवाब तलब करते हुए एक दिन का वेतन रोक दिया है। वहीं जहानाबाद जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां सात हजार अभ्यर्थी शामिल हुए. परीक्षा में किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या कागजात ले जाने की अनुमति नहीं थी। जिले में कुल 11 मुन्ना भाई को पकड़ा गया है।

खान सर के न्यौते पर बिग-बी आएंगे बिहार

पटना। कौन बनेगा करोड़पति से हाल ही में लौटे खान सर पटना ने अमिताभ बच्चन को बिहार में आकर लिट्?टी खाने का न्यौता दिया है। रविवार को प्रेस से मुखातिब होते हुए खान सर ने कहा कि अमिताभ बच्चन से मिलकर बहुत अच्छा लगा। वो बहुत अच्छे इंसान हैं और काफी डाउन टू अर्थ हैं। हम लोगों को भी बिहार की भूमि का जब भी मौका मिलता है कर्ज उतारने का तो जो भी भारत स्तर पर हो चाहे विश्व स्तर पर तो हम जाकर बताते हैं। बदनाम हो गए है लेकिन बुरे लोग नहीं हैं। अमिताभ बच्चन को भी हमने बिहार आने का निमंत्रण दिया है, कहा है कि आएगा तो लिट्टी चोखा खिलाएंगे।

इसके साथ ही उन्होंने अपने वायरल वीडियो के डिलीट करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोई भी चीज लिमिट में होनी चाहिए। मिजाज में सख्ती जरूरी है क्योंकि लोग पी जाते अगर समंदर खारा ना होता। रविवार को खान सर महिला विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित 10वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

बिहार में चौथे कृषि रोड मैप का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति

केटी न्यूज/पटना

नीतीश कुमार के बुलावे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बिहार दौरे पर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक तारीख भी फिक्स हो गई है। 18 अक्टूबर को राष्ट्रपति तीन दिवसीय दौरे पर आने वाली हैं। यह दौरा बेहद खास होने वाला है। चौथे कृषि रोड मैप की औपचारिक शुरूआत अक्टूबर में होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसका उद्घाटन करेंगी।

मुख्यमंत्री हाल ही में जी20 के सम्मेलन में दिल्ली गए थे। यहां उनकी मुलाकात पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति के साथ हुई थी। राज्य सरकार ने राष्ट्रपति भवन को पत्र भेज राष्ट्रपति से समय की मांग की थी। इसी साल एक अप्रैल से बिहार में चौथे कृषि रोड मैप की शुरूआत हुई है। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू पहली बार बिहार आएंगी। कार्यक्रम का आयोजन पटना के ज्ञान भवन में हो सकता है। द्रौपदी मुर्मू के बिहार दौरे को लेकर बहुत कुछ खास होने वाला है।

बिहार दौरे पर द्रौपदी मुर्मू मोतिहारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। मोतिहारी के महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 20 अक्टूबर को दीक्षांत समारोह है। इससे पहले 19 अक्टूबर को गया के सीयूएसबी में दीक्षांत समारोह है। बता दें कि राज्य में पहला कृषि रोड मैप 2018 में लागू किया गया था। दूसरे रोड मैप का उद्घाटन 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किया था। तीसरे कृषि रोडमैप की शुरूआत 2017 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की थी। अब चौथे कृषि रोड मैप का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करने वाली हैं।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in

विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

खबरें फटाफट

छह को जीवित्पुत्रिका व्रत मनाने का लिया गया निर्णय

बक्सर। जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर रविवार को बड़का सिहनपुरा में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तिथि को लेकर उत्पन्न उहापोह की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता आचार्य बिमलेयर ओझा ने की। इस दौरान विद्वानों ने कहा कि कुछ विद्वान छह अक्टूबर तो कुछ सात अक्टूबर को जीवित्पुत्रिका व्रत करने की बात कह रहे हैं। जिससे लोगों के मन में दुविधा बढ़ गई है। जिसमें पं. लक्ष्मण द्विवेदी लहरी जी, पं. जितेंद्र ओझा, पं. संजय ओझा, पं. राधेध्याम द्विवेदी, पं. कामतानाथ ओझा और दूरभाष से पं. अजीत जी जुड़े थे। इस दौरान ग्रहों और नक्षत्रों की चाल पर भी चर्चा हुई। साथ ही, क्षेत्र के 35 गांवों के विद्वानों को बुलाया गया था। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जीवित्पुत्रिका व्रत छह अक्टूबर को मनाया जाएगा और पारण सात अक्टूबर सुबह 10:20 के बाद करना है।

सिपाही भर्ती परीक्षा से पांच निष्कासित

बक्सर। केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आहूत सिपाही भर्ती परीक्षा रविवार को बक्सर तथा डुमरांव में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन तथा कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन पूरे दिन मुश्तैद रहा। डीएम अंशुल अग्रवाल तथा एसपी मनीष कुमार के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस के अधिकारी पूरे दिन विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे तथा केन्द्राधीक्षकों को केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन का पालन करने का निर्देश भी दे रहे थे। बक्सर में दूसरी पाली में कदाचार के आरोप में पांच परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष के अनुसार बक्सर में प्रथम पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 10704 थी। 8815 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1889 ने परीक्षा छोड़ दी।

ड्यूटी पर जा रहा होमगार्ड जवान घायल

बक्सर। रविवार को शहर में केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दौरान ड्यूटी पर जा रहे एक होमगार्ड जवान को पिकअप से चोट लगने से जख्मी हो गया। जख्मी जवान को अन्य साथियों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जवान को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसारजख्मी जवान सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर गांव के रहनेवाले भगवान साह की ड्यूटी सिपाही भर्ती परीक्षा में लगी थी। वह अपने साथियों के साथ कार्यालय से पिकअप पर सवार होकर ड्यूटी स्थल पर जा रहा था। तभी बाजार समिति रोड स्थित स्कूल के पास पिकअप को बैक करने के दौरान चोट लग गई। जवान को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

पेपरलेस होंगे सभी सरकारी अस्पताल, मरीजों का ऑनलाइन बनेगा रिकार्ड

केटी न्यूज/बक्सर

अब जिले के सरकारी अस्पताल हाईटेक होने जा रहे है। मसलन मरीजों को अब पर्ची कटवाने से लेकर इलाज करवाने तक न तो मशक्कत करनी पड़ेगी और न ही पेपरों का पुलिंदा लेकर चलना पड़ेगा। बल्कि सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था अब पेपरलेस होने जा रही है। इसको लेकर सदर अस्पतला में कर्मियों का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। कर्मियों का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सरकारी अस्पतालों में ओपीडी की सेवाएं जहां पेपरलेस हो जाएगी वह इलाज भी अब लाइव होगा। इसकी सुविधा अक्टूबर माह के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। लाईव इलाज शुरू होने के बाद कोई भी कही से मरीजों की इलाज की पूरी जानकारी प्राप्त कर लेगा। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों को केवल टोकन मिलेगा। जिसके आधार पर ही डॉक्टर से लेकर पैथोलॉजी जांच, एक्सरे के साथ ही अन्य जांच ऑनलाईन होगा। वहीं इस सुविधा के शुरू होने के बाद अस्पताल में जांच रिपोर्ट के लिए भी भटकना नहीं पडेगा। बल्कि जांच रिपोर्ट भी मरीजों के टोकन के माध्यम से कर्मी अपटेड कर देंगे। जिससे मरीजों के इलाज में बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो जाएगी। डॉक्टर लैपटॉप एवं टैबलेट के माध्यम से टोकन नंबर से जांच के साथ ही उनकी बीमारी से लेकर जांच तक को ऑनलाईन ही प्रविष्ट करेंगे। आवश्यक जांच होने पर मरीज को केवल सैंपल के लिए निर्धारित केंद्र पर जाना होगा। इलाज के बाद दवा काउंटर पर दवा के साथ फार्मासिस्ट मरीजों को उसकी प्रति उपलब्ध करायेंगे, जिसमें दवा खाने के समय तक का डिटेल्स अंकित रहेगा। इसको अमलीजामा पहनाने की कवायद स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दिया है।

लाईफ टाइम होगा मरीजों का टोकन : रजिस्ट्रेशन कराने पर मरीजों को टोकन मिलेगा। जो मरीजों के लिए लाईफ टाईम के लिए होगा। टोकन नंबर से ही डॉक्टर से लेकर आवश्यक विभिन्न जांच की सुविधा मरीजों को ऑन लाईन मिलेगी। इस कार्यक्रम के शुरू होने के साथ मरीजों को इलाज ऑन लाईन मिलेगी। डॉक्टर से पूर्व नर्स मरीजों की बीपी, वजन जांच करने के बाद डॉक्टर के पास भेजेगी। जिसमें मरीजों की समस्या भी इंगित होगा। वहीं डॉक्टर मरीज की जांच के बाद आवश्यक जांच होने पर संबंधित जांच के लिए ऑन लाईन माध्यम से ही फारवर्ड करेंगे। जांच टोकन दिखाने पर आवश्यक जांच होगा तथा रिपोर्ट भी ऑन लाईन जांच केंद्र द्धारा फारवर्ड किया जाएगा। वहीं जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद डॉक्टर उसे दवा वितरण काउंटर के लिए फारवर्ड कर देंगे। जहां पहले से ही मरीजों को दी जाने वाली दवाईयों के साथ पूरी जांच रिपोर्ट प्रिंट होकर मिलेगी।

सदर अस्पताल में शुरू हुआ कर्मियों का प्रशिक्षण : जिले के चार केंद्रो पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रथम फेज में लैब टेक्निशियनों का प्रशिक्षण हो रहा है। उनका प्रशिक्षण दो दिवसीय होगा। इसके बाद अन्य कर्मियों एवं डॉक्टरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसको लेकर जिले में भव्य ट्रेनिंग टीम पहुंच अपना कार्य शुरू कर दिया है। इस संबंध में ट्रेनिंग मैनेजर गौरी शंकर ने बताया कि जिले के सरकारी अस्पतालों में पेपरलेस ओपीडी की सेवा शुरू करने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग टीम में सीनियर टीम मैनेजर धीरज कुमार, डिस्ट्रीक्ट केआर्डिनेटर राहुल कुमार के साथ आशुतोष कुमार, ओम सिंह समेत अन्य शामिल है।

"जिले में ओपीडी की लाईव चिकित्सा सेवा को लेकर ट्रेनिंग शुरू की गई है। कर्मियों एवं चिकित्सकों को लाईव जांच के लिए प्रशिक्षण देने के बाद ओपीडी में मरीजों का पेपरलेस लाईव इलाज मिलने लगेगा। इससे उनका इलाज का डाटा भी संरक्षित रहेगा। *- डॉ सुरेश चंद्र सिंहा, सिविल सर्जन, बक्सर*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का दिखा व्यापक असर, चलाया स्वच्छता अभियान

नगरवासियों ने श्रमदान कर की सफाई स्वच्छता को अपनाने का दिया संदेश

केटी न्यूज/बक्सर

कचरा मुक्त भारत की संकल्पना के साथ रविवार को जिलेभर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ था। बता दें कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन के पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक घंटे श्रमदान करने का आह्वान देशवासियों से किया था। जिसके बाद पूरे जिले में इसका व्यापक असर देखा गया।

विभिन्न सरकारी संस्थाओं, स्कूलों, कॉलेजों के अलावे निजी संस्थानों, राजनैतिक व सामाजिक संगठनों द्वारा स्वच्छता अभियान चला जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। इसी कड़ी में नगर परिषद् बक्सर और नगर पंचायत चौसा के सभी वार्डो में एक घंटा श्रमदान आयोजित कर स्वछता का संदेश दिया गया। बक्सर नप द्वारा रामरेखा घाट पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे की उपस्थिति में एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम चलाया गया। इसके अलावा स्वच्छता के लिए जन जागरूकता रैली रामरेखा घाट से मॉडल थाना तक निकाल स्वच्छता के लिए शपथ दिलवाया गया। वही मानव श्रृंखला बना लोगों में स्वच्छता की अलख जगाई गई। जबकि वीर कुंवर सिंह चौक के आस पास के दुकानदारों के बीच डस्टबीन का वितरण किया गया। स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं को सम्मानित और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विधायक संजय कुमार तिवारी, सभापति कमरून निशा, उपसभापति, एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र, एसडीपीओ धीरज कुमार, ईओ प्रेम स्वरूपम, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, विभिन्न विद्यालयों के बच्चे, ब्रांड एंबेसडर बिपिन कुमार तथा शहर के नागरिकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डुमरांव में भी व्यापक पैमाने पर चलाया गया अभियान

स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा के तहत डुमरांव में भी बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता तथा उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों तथा नप कर्मियों ने विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान चला लोगों को साफ सफाई से रहने का संदेश दिए। वही शक्तिद्वार पर नगर परिषद डुमराँव की सीआरपी सरोज देवी के नेतृत्व में समूह की सैकड़ों महिलाओं के साथ सुबह 10 से 11 बजे तक सफाई कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता, उनके प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर, सशक्त समिति के सभी सदस्य एवं कार्यालय कर्मी भी शामिल हुए। सफाई का कार्य शक्तिद्वार से 02 चौकी से शाहीद मर्द बड़ी मस्जिद तक चलाया गया। सीआरपी सरोज देवी ने बताया कि डुमरांव के प्रत्येक वार्डो, प्रमुख जगहों पर यह कार्यक्रम चलाया गया ताकी नगर के जनता सफाई के प्रति जागरूक हो सके। कार्यक्रम में समूह की अंजु शर्मा, विमला देवी, नितुदेवी, संजू देवी, आरती देवी, कौशल्या देवी, पूनम देवी, कर्मी अनिरुद्ध कुमार, राजकुमार, राजा कुमार, अनवर सहित सफाईकर्मी मैजूद रहे।

वहीं, रेलवे स्टेशन पर यात्री कल्याण समिति ने अभियान चला रेलवे स्टेशन परिसर की साफ सफाई की। जिसका नेतृत्व यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने किया। समिति ने देशव्यापी अभियान के तहत एक घंटे तक श्रमदान कर स्टेशन परिसर को साफ सुथरा करने के साथ ही यात्रियों से प्लेटफार्म व स्टेशन परिसर में यत्र तत्र कूड़ा कचरा नहीं फेंकने तथा परिसर को स्वच्छत बनाने में सहयोग देने की अपील की।

एक नजर

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित हुई पेंटिंग प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बक्सर। गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर लायंस क्लब ऑफ बक्सर गैंगेज द्वारा शहर के मेन रोड स्थित टाइटन आई प्लस में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें वर्ग एक से आठवीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल हुए और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किये। पेंटिंग का विषय त्योहार उत्सव, वाह्य अंतरिक्ष अन्वेषण, रहस्म्य प्रकृति और आपका सुपर हीरो था। पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए लायन अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा की बच्चों को प्रतिभा प्रदर्शित करने प्रोत्साहन मंच की आवश्यकता होती है। हमें चाहिए कि ये दोनों चीजें इन्हें उपलब्ध कराकर इनके प्रतिभा को पहचानें और उन्हें निखारने का प्रयास करें। हर बच्चे में कोई ना कोई प्रतिभा छुपी होती है जरुरत है उन्हें पहचानने की। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के आयोजन करते रहना चाहिए जिससे बच्चों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित कर सकें। लायन सचिव ऋषि निर्मल ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को लायंस कलब द्वारा बॉल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा। वही प्रतियोगिता में किड्स होम, माउन्ट लिट्रा, डीएवी, वुड स्टॉक आदि स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाया। कार्यक्रम में लाइन सुरेश संगम, लायन अतुल मेहरोत्रा, मो. जमील साहब, योगेश कुमार, सुधीर सर्राफ, दिनेश जायसवाल समेत अन्य लायन मेंबर उपस्थित रहे।

आबूधाबी से एक पखवाड़े बाद पहुंचे सोवां के कामगार का शव, चित्कार से माहौल गमगीन

कृष्णाब्रह्म। सोवां के बलिराम सिंह के 36 वर्षीय पुत्र अजय सिंह का शव एक पखवाड़े बाद पैतृक गांव पहुंचा। ताबूत में बंद शव के दरवाजे पर पहुंचते ही परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। घंटो क्रंदन चित्कार के बाद किसी तरह अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि अजय 23 जून को संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी आबूधाबी गया था। 17 सितंबर को संदेहास्पद परिस्थिति में उसकी मौत हो गई थी, 18 सितंबर को वह जिस कंपनी में काम करता था उसके बगल से उसका शव बरामद हुआ था। हालांकि कंपनी वालों ने उसकी मौत की जानकारी परिजनों को नहीं दी थी। उसे विदेश भेजने वाले एजेंट के माध्यम से स्वजनों को इस मनहूस घटना की जानकारी हुई। उसके बाद से अजय के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था शनिवार को खाड़ी देश से शव को पटना एयरपोर्ट भेजा गया जहां से सड़क मार्ग से शव को देर शाम उनके पैतृक गांव सोवा लाया गया। जहां उनके अंतिम दर्शन करने के बाद उनके शव बक्सर स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। अजय अपने परिवार की माली हालत सुधारने के लिए विदेश गया था। वह कुछ महीनों तक मोटी रकम भी भेजा था। जिससे परिवार की खुशी बढ़ गई थी। वही उसकी मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट गया है। बेटे की मौत से पिता बलिराम सिंह भारी सदमे में है कि उनके मुंह से आवाज नहीं निकल पा रहा है तो मां लक्ष्मी देवी व पत्नी प्रतिमा देवी दहाडे.मारकर रोती रही। दोनों रह रहकर बेसुध हो जाती थी तो कभी अजय को याद कर विलाप करने लगती थी। अजय की दो पुत्रियां हैं। बड़ी की उम्र 5 वर्ष तथा छोटी बेटी दो वर्ष की है। मासूम बेटियों के सर से भी बाप का छाया उठ गया है। आलम यह था कि उन्हें ढांढस बंधाने आने वाले खुद रो पड़ते थे।

ठाकुर शोषण के नहीं संरक्षण के प्रतीक होते हैं : क्षत्रिय समाज

केटी न्यूज/बक्सर

नगर के वीर कुंवर सिंह चौक पर रविवार को महाराणा फाउंडेशन के कार्यकताओं ने राज्य सभा सांसद मनोज झा का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम राज्यसभा सांसद मनोज झा के ठाकुरो पर विवादित कविता पढ़ने के खिलाफ किया गया। बता दें कि राज्य सभा सांसद ने ठाकुरों पर एक विवादित कविता पढ़ी थी। जिस पर बिहार की सियासत गरमा गई है।

रविवार को क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा आक्रोश मार्च व पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया गया। इस दौरान ब्राह्मणों से बैर नहीं, मनोज झा तेरी खैर नहीं के नारे भी लगाए जा रहे थे। फाउंडेशन के संरक्षक इंद्रजीत बहादुर सिंह ने कहा कि एक प्रोफेसर जो उच्च सदन में पार्टी के प्रतिनिधि के तौर पर बैठे हैं। उनसे जातीय उन्माद फैलाने एवं किसी जात के मान सम्मान एवं स्वाभिमान को ठेस पहुंचाना उनके मानसिक संतुलन के दिवालियापन को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि अनादि काल से क्षत्रिय समाज देश व समाज के रक्षक का करते आया है। क्षत्रिय समाज के योगदानों को कम कर के आंकना देश का अपमान है। वक्ताओं ने कहा कि वे क्या शिक्षा लिये है और किस तरह के समाज को शिक्षित करते होंगे। क्षत्रिय समाज अपने मान सम्मान एवं स्वाभिमान और गौरवशाली इतिहास के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करने को सबक जरूर सिखाएगा। ठाकुर शोषण नहीं संरक्षण के प्रतीक होते हैं। आज जरूरत है अपने अंदर के ठाकुर को हर वर्ग मे जगाने की। ताकी अपने वर्ग के कमजोर लोगो को मदद मिल सकें।

दुगार्पूजा में पंडालों में नहीं बजेंगे डीजे: थानाध्यक्ष

केटी न्यूज/डुमरांव

♦ कोरानसराय थानाध्यक्ष ने थानाक्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ की बैठक

रविवार को कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय सिंह ने थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्हें सुप्रिम कोर्ट के निदेर्शों की जानकारी देते हुए दुगार्पूजा में उन्हें किसी भी पूजा पंडाल में डीजे नहीं बजाने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि सुप्रिम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी पूजा पंडाल में डीजे नहीं बजाया जाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ने भी सुप्रिम कोर्ट के इस निर्देश का सख्ती से पालन कराने को कहा है। डीजे संचालकों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी पूजा समितियों से डीजे बजाने का एग्रीमेंट नहीं करना है।

थानाध्यक्ष ने कहा कि इस नियम का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों के डीजे को जप्त करने के साथ ही उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि जल्दी ही पूजा समितियों के अध्यक्ष सचिव के साथ बैठक कर उन्हें भी इसका पालन करने को कहा जाएगा। सभी पूजा समितियों को इसी शर्त पर लाइसेंस दिया जाएगा कि वे अपने पूजा पंडाल तथा विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजाएंगे। डीजे बजवाने वाले पूजा समितियों पर भी एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। सभी डीजे संचालकों ने एक स्वर में थानाध्यक्ष के इस निर्देश का पालन करने को कहा। मौके पर दर्जनों डीजे संचालक मौजूद थे। बता दें कि एसपी मनीष कुमार द्वारा जिले के सभी थानाध्यक्षों को दुगार्पूजा में डीजे नहीं बजाने संबंधित चेतावनी डीजे संचालकों को देने को कहा है। इसके बाद ही कोरानसराय थाना में बैठक आयोजित किया गया।

अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर वृद्धजनों के लिए सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

चुनाव से जुड़े किस्से युवाओं से साझा करें बुजुर्ग: दुर्गेश सिंह

केटी न्यूज/डुमरांव/बक्सर

डुमरांव में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर नगर परिषद क्षेत्र के 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वृद्धजनों की पहचान कर उन्हें नगर परिषद प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। नगर परिषद के प्रधान सहायक सह नोडल पदाधिकारी दुर्गेश सिंह व उप सहायक बजेंद्र राय ने वृद्ध मतदाताओं को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्होंने कहा कि हमें बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर ही आगे बढ़ना चाहिए। उनके आशीर्वाद से हमे निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। लोकतंत्र के निर्माण में बुजुर्गों का अहम योगदान रहा है तथा वे कई चुनावों के साक्षी रहे हैं।

उन्होंने बुजुर्गों से अनुरोध किया कि वे चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किस्से युवा पीढ़ी से जरूर सांझा करें तथा वोट डालने के लिए प्रेरित करें ताकि युवाओं में भी मतदान के प्रति जागरूकता हो सके। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से चुनावों में बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान के लिए विशेष सुविधा भी मुहैया करवाई जायेगी। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को खास बनाने के लिए इसे बुजुर्ग मतदाताओं के साथ मनाने का निर्णय लिया है। चुनाव आयोग के पहल के इस तहत बुजुर्ग मतदाताओं को लोकतंत्र में उनकी अहम भागीदारी निभाते रहने के लिए सम्मान दिया जा रहा है।

वहीं, मानवाधिकार सहायता संघ जिला इकाई बक्सर के द्वारा जिला प्रभारी सतीश श्रीवास्तव मनमीत के नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के मौके पर चयनित बुजुर्ग पुरूष व महिलाओं को गमछा व शॉल देकर आदर भाव के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले स्वछता पखवारे के तहत स्थानीय गोला घाट पर साफ-सफाई के 1 घंटे का श्रमदान करके महात्मा गांधी को स्वछांजलि अर्पित किया गया। साथ ही संकल्प लिया गया की अब प्रत्येक रविवार को साफ-सफाई हेतु 1 घंटे का श्रमदान किया जायेगा। वहीं 2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी एवं देशरत्न लाल बहादूर शास्त्री के जयंती पर गरीब व निर्धन बच्चों के बीच कॉपी, पेन्सिल, रबर, कटर, टॉफी का वितरण निरूशुल्क में किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश अध्यक्ष वैध एसके पाण्डेय, जिला अध्यक्ष डॉ पंकज कुमार पटेल, मीडिया प्रभारी नन्दलाल राज, आईटी सेल प्रभारी संध्या कुमारी, सुमन श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, मो सैराज एवं अन्य सदस्यगन उपस्थित रहें।

गांजा व अवैध हथियार के साथ टॉप टेन की सूची में शामिल अपराधी गिरफ्तार

- गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव से शनिवार की रात पकड़ा गया अपराधी
- बदमाश के पास से एक देसी कट्टा, दो गोली और 203 ग्राम गांजा बरामद
- गिरफ्तारी बदमाश हत्या व आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन कांडों में आरोपित

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर की गड़हनी थाने की पुलिस ने अवैध हथियार और गांजे के साथ एक टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव निवासी विनय यादव का पुत्र विकास यादव है। उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली और करीब 203 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। उसे शनिवार की रात बड़ौरा गांव से गिरफ्तार किया गया है।

वह हत्या और आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन कांडों में आरोपित रहा है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम कुख्यात विकास यादव बड़ौरा गांव में अपने साथियों के साथ गांजा की तस्करी कर रहा है। उस आधार पर अपराधी की गिरफ्तारी और गांजे की बरामदगी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता द्वारा बड़ौरा गांव में छापेमारी की गयी। पुलिस को देख विकास यादव भागने लगा, जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया गया। हालांकि उसके अन्य साथी भाग निकले। तलाशी के दौरान विकास यादव के पास से एक देसी कट्टा और दो गोलियां बरामद की गयी। उसके बाद उसके घर गई तलाशी ली गयी। वहां से करीब 203 ग्राम गांजा बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि विकास यादव द्वारा कुछ गांजा बेच दिया गया है। ऐसे में गांजा खरीदने वालों की पहचान की जा रही है। एसपी ने बताया कि विकास यादव कुख्यात और गड़हनी थाने का टॉप टेन अपराधी है। उसका आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ गड़हनी थाने में 2018 में हत्या, 2019 में रंगदारी, आपराधिक षड़यंत्र, आर्म्स एक्ट, चरपोखरी थाने में 2021 में हत्या के प्रयास और नगर थाने में चोरी का केस दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी बड़ी सफलता है।

एक नजर

श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

जहानाबाद । नगर विकास एवं आवास विभाग के निदेशानुसार कचरा मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 01 अक्टूबर,एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा स्पोर्ट्स कंपलेक्स, मल्लहचक से लेकर हॉस्पिटल मोड़ तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी,अध्यक्ष नगर परिषद जहानाबाद, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद जहानाबाद, वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 12 एवं 10 द्वारा सफाई कर एक घंटे का श्रमदान दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा लोगों को स्वच्छता से संबंधित आदतों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया तथा अपने घर-आंगन के साथ-साथ आस पड़ोस को भी साफ रखने की अपील की गई।

जिप की जमीन पर अवैध निर्माण, पुलिस ने रोका

जहानाबाद। टेहटा ओपी क्षेत्र के मेन रोड स्थित जिला पार्षद की जमीन पर आवेध निर्माण कर रहे व्यक्ति का पुलिस ने रुकवाया काम, पुलिस ने कहा के यदि दोबारा काम हुआ तो प्राथमिकी दर्ज होगी, बता दे के टेहटा बाजार में जिला परिषद की जमीन है। जिस पर कुछ दिन पूर्व जिला पार्षद द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दर्जनों दुकानों को अंचलाधिकारी और ओपी अध्यक्ष के नेतृत्व में जेसीबी से पक्का निर्माण दुकान को तोड़ा गया था, वही कुछ लोगों द्वारा दोबारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसे लेकर अंचलाधिकारी के निर्देश पर रविवार के दिन टेहटा ओपी की पुलिस ने मेन रोड स्थित स्टेशन के सामने हो रहे काम को रुकवाया है। साथ ही ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि यदि दोबारा निर्माण कार्य किया जाएगा तो उन लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गुलाब प्रसाद आर्येंदु जी के निधन पर शोक सभा

जहानाबाद। आर्य समाज जहानाबाद के वरीय सदस्य सह संरक्षक सम्मानीय गुलाब प्रसाद आर्येंदु जी के आकस्मिक निधन हो जाने पर आर्य समाज मंदिर जहानाबाद में रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया । जिसमें यज्ञ कर परमात्मा से उनके आत्मा को शांति एवं सद्गति के लिए प्रार्थना की गई । तत्पश्चात अनेक वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से बताया कि वे आर्य समाज से बाल काल से ही जुड़े थे जो आजीवन सदस्य रहे । वह महर्षि पतंजलि स्कूल के संस्थापक सदस्य एवं शिक्षक थे । वे सब लोगों के प्रेरणा स्रोत थे । वह प्रतिदिन यज्ञ एवं योग करते थे तथा सबों को योग व यज्ञ करने की प्रेरणा देते थे वह प्रतिदिन हवाई अड्डा या इंडोर स्टेडियम में जाकर योग किया व कराया करते थे । उसके बाद यज्ञ करते थे ।

गरीब बेसहारा की हमेशा सेवा में लगे रहते थे उनके निधन पर सभी शोकाकुल हो गए। शोक सभा में प्रोफेसर प्रकाश चंद्र आर्य, अजय कुमार प्रधान आर्य समाज, शिशुपाल आर्य मंत्री आर्य समाज, अनिल आर्य, संजय जी, डॉक्टर संतोष जी सहित अनेक आर्य जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की । शोक सभा की समाप्ति शांति पाठ के साथ संपन्न किए गए।

टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव में जमकर हुई मारपीट

वारदात: कॉल करने के विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

केटी न्यूज/आरा

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव में शनिवार की रात मोबाइल पर कॉल करने के विवाद में ब्लॉक कर्मी के बेटे की हत्या कर दी गयी। गांव के कुछ लोगों द्वारा लात-घुसों, रॉड और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसकी जान ले ली गयी। बीच-बचाव करने पर उसके भाई और दोस्त की भी जमकर पिटाई की गयी। पहले रास्ते में घेरकर उसकी जमकर पिटाई की गयी। उसके बाद आरोपितों द्वारा घसीट कर उसे अपने घर ले जाया गया और बेरहमी से मारपीट की गयी। मारपीट और गला दबाकर हत्या करने के बाद उसके शव को गांव में स्थित काली मंदिर के पास फेंक दिया गया था।

सदर अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत कर्मी मझौंवा गांव वार्ड नंबर पांच निवासी ब्लॉक कर्मी सुरेंद्र सिंह का 26 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार सिंह था। वह नौकरी की तैयारी करता था। हत्या की वारदात से गांव में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। उस दौरान उन्होंने मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली।

इधर, हत्या को लेकर मृत युवक के भाई रोहित कुमार सिंह की तहरीर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें मझौंवा गांव निवासी अनिल सिंह उर्फ हुलचुल सिंह, उसके भाई अरविंद सिंह, पिता रामजी सिंह और अरविंद सिंह की पत्नी को आरोपित किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक द्वारा शनिवार की शाम गलती से अनिल सिंह उर्फ हुलचुल सिंह के मोबाइल पर कॉल कर दिया गया था।उससे नाराज अनिल सिंह उर्फ हुलचुल द्वारा मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गयी। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के कुछ सबूत भी मिले हैं। आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

खाना मंगाने के लिए होटल के स्टाफ को फोन करने में अनिल सिंह को लग गयी थी कॉल : रोहित कुमार सिंह द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह अपने बड़े भाई राकेश कुमार सिंह और उनके दोस्त रौनक सिंह के साथ शनिवार की शाम मझौंवा बांध पर खड़े थे। उस दौरान उसके भाई राकेश कुमार सिंह खाना मंगाने के लिए आरा के एक होटल के स्टाफ को कॉल कर रहे थे। तब गलती से कॉल गांव के ही अनिल सिंह उर्फ हुलचुल को लग गयी। उस पर अनिल सिंह द्वारा गाली गलौज की जाने लगी। तब उसके भाई द्वारा माफी मांगी गयी। उसके बाद तीनों बाइक से लौट रहे थे। तभी अनिल सिंह उर्फ हुलचुल द्वारा फोन कर काली मंदिर के पास बुलाया गया। वहां पहुंचने पर अनिल सिंह उर्फ हुलचुल द्वारा उसके भाई की रॉड से पिटाई की जाने लगी।

चोरी के समान के साथ रंगे हाथ एक गिरफ्तार

मखदुमपुर। टेहटा ओपी की पुलिस ने घर से चोरी कर भाग रहे एक चोर को चोरी के समान के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। साथ ही दो चोर भागने में सफल रहे, जानकारी देते हुए अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया के शनिवार की देर रात टेहटा ओपी की पुलिस गस्त कर रही थी इसी दौरान तीन अज्ञात लोगों को सामान के साथ जाते हुए देखा गया।

इसके बाद पुलिस ने टॉर्च मार कर तीनों को रुकने बोला तो पुलिस की गाड़ी देख वे लोग भागने लगे, पुलिस को शक होने पर पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया साथ ही अंधेरे का फायदा उठाकर दो व्यक्ति भागने में सफल रहा, उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद पता चला के वे लोग नंदपुरा गांव निवासी मिथिलेश शर्मा के बंद मकान में चोरी कर सामान ले जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया, उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति सैदपुर बेलदारी निवासी राजकुमार बिंद है। साथ ही भागे हुए दो और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही पुलिस ने बताया कि नंदपुरा गांव निवासी मिथिलेश शर्मा का मकान बंद है। और पूरे परिवार कामकाज के सिलसिले में बाहर रहते हैं।

जहानाबाद के अंबेडकर चौक पर चला स्वच्छता अभियान

केटी न्यूज/जहानाबाद

आज भाजपा नगर मंडल द्वारा गांधी जयंती के पूर्व सेवा पखवाड़ा के तहत स्थानीय अंबेडकर चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कुणाल गुप्ता ने किया। जिसमें मुख्य रूप से जिला मंत्री विजय कुमार सत्कार ने कहा किदेश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर महात्मा गांधी जी के जयंती के पूर्व दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति को साफ किया गया, धोया गया। अंबेडकर चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अंत में बाबा साहब को माल्यार्पण कर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर अमर रहे, महात्मा गांधी अमर रहे से अंबेडकर चौक गूंजाया मान हो गया। नगर अध्यक्ष कुणाल गुप्ता ने बताया कि महात्मा गांधी ने जो सपना देखा उसको आज देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी पूरा कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान में नगर के महामंत्री संतोष चंद्रवंशी जी ओम प्रकाश चौधरी, नगर उपाध्यक्ष रिजु साहू जी रवि केसरी जी भूपेश सिंह जी नगर मंत्री अमित वर्मा जी नीतीश कुशवाहा रोशन पासवान जी नगर कोषाध्यक्ष सुजीत जयसवाल जी नगर मीडिया प्रभारी केसरी नंदन जी आदि कई कार्यकर्ता शामिल हुए

राजद नेता पर लगा छेड़खानी का आरोप, दर्ज हुई प्राथमिकी

मखदुमपुर। प्रखंड के मकरपुर गांव निवासी राजद नेता सह मखदुमपुर जिला परिषद भाग 3 के प्रतिनिधि वीरेंद्र दास पर एक महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। गुरुवार के दिन मखदुमपुर थाने पहुंचकर एक महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस बाबत मखदुमपुर थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया की एक महिला ने आवेदन देकर मकरपुर गांव निवासी राजद नेता वीरेंद्र दास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि वे घर में दिन के 8:00 बजे बैठी हुई थी और घर के सभी लोग बधार में काम करने गए हुए थे जिसका फायदा उठाते हुए वीरेंद्र घर में प्रवेश किया और दुष्कर्म के नियम से छेड़खानी करना सुरू कर दिया, थाना अध्यक्ष ने बताया की पुलिस मिले आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर लिया है। और मामले की जांच में जुट गई है। बताते चले कि राजद नेता वीरेंद्र दास मखदुमपुर भाग 3 के जिला परिषद के भैसुर है। और जिला परिषद भाग तीन के प्रतिनिधि हैं।

तीन दिन के नवजात बच्चे की संदिग्ध स्थिति में मौत

केटी न्यूज/आरा

संदेश थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव में रविवार की सुबह तीन दिन के एक नवजात बच्चे की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। मृत बच्चा रेपुरा गांव निवासी अर्जुन चौधरी का तीन दिन का पुत्र था। उसके परिजन पड़ोसी पर हत्या किये जाने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि पुलिस की शुरूआती जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस के अनुसार मामला पूर्व के विवाद के कारण विपक्षी को फंसाने की साजिश का लग रहा है। हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। उसके लिए शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया है। इधर, अर्जुन चौधरी ने बताया कि उनकी पत्नी को इस माह के 29 सितंबर को लड़का पैदा हुआ था। उसकी खुशी में उसके छोटा भाई रुदल चौधरी द्वारा पड़ोस के ही राजू चौधरी, गौतम चौधरी, राजेश चौधरी और पप्पू चौधरी के साथ पार्टी की गयी थी। उस समय चारों पड़ोसियों द्वारा उसके भाई रुदल चौधरी पर नशे की हालत में घर में घुसने का आरोप लगा कर उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। उसमें उसका बाया हाथ फैक्चर कर गया था। उसके बाद उसका भाई दूसरे दिन अपनी पत्नी के साथ सुबह गांव से भाग गया। तब चारों पड़ोसी उसके घर पर आए और छोटे भाई को बुलाने का दबाव देने लगे। तब उसने अपने छोटे भाई के मोबाइल पर फोन किया था, लेकिन एक बार बात होने के बाद उसका मोबाइल बंद कर दिया। उसके बाद चारों द्वारा अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उसकी, पत्नी कविता देवी और मां की पिटाई कर दी गई। उससे सभी जख्मी हो गए। मारपीट में उसके नवजात बच्चे को भी चोट आयी थी। उसके बाद वह बच्चे को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसने आरोप लगाया कि पड़ोसी राजू चौधरी, गौतम चौधरी, राजेश चौधरी, पप्पू चौधरी और उनके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा की गयी मारपीट में चोट लगने के कारण उसके बेटे की मौत हुई है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

मखदुमपुर विधानसभा में कर्पूरी चर्चा का आयोजन, बोले सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी -

आरक्षण लागू करने से बदलाव का नया अध्याय शुरू

केटी न्यूज/जहानाबाद

जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा जी के अध्यक्षता में मखदुमपुर विधानसभा में आयोजित कपूर्री चर्चा निजी रेस्ट हाऊस में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार पप्पु ने किया। जिसमे कार्यक्रम का उद्घाटनकर्ता सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जी ने किया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधान पार्षद, गुलाम गौस ,विद्यानंद विकल उपस्थित थे।

इस कपूर्री परिचर्चा के संबोधन करते हुए सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जी ने कहा कि अतिपिछड़ा वर्ग के हित में बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उनके सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक एवम आर्थिक प्रगति के लिए उठाए गए कदमों में पंचायत चुनाव में आरक्षण लागू करने से सामाजिक बदलाव का नया अध्याय शुरू हुआ। इसका सबसे ज्यादा लाभ किसानों और कृषि कार्य से जुड़े कृषक मजदूर को मिला जो तनाव के माहौल में खेती नहीं कर पाते थे।

इस पहल के बाद राज्य की उत्पादकता में वृद्धि हुई एवम गांव में अमन चैन हुआ।इस कार्यक्रम को विधान पार्षद गुलाम गौस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने कपूर्री ठाकुर जी अधूरे सपने को पूरा करते हुए अतिपिछड़ा समाज को आर्थिक क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना का लाभ के साथ उद्योग लगाने के लिए अतिपिछड़ा को भी 10 लाख की मदद मिल रही है।इसमें 5लाख रुपए अनुदान और 5 लाख ब्याज मुक्त ऋण है।देश के प्रथम राज्य बिहार जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्माण हेतु 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि एवम मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता के तहत 60,000 रुपए की सहायता राशि दी जा रही हैं।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मगध प्रमंडल प्रभारी विद्यानंद विकल ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार अतिपिछड़ा समाज के प्रति अपमान का व्यवहार रखती है, इसलिए जननायक कपूर्री ठाकुर को अबतक भारत रत्न नहीं दिया है।नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम यशस्वी योजना के नाम से नई योजना प्रारंभ की गई, जिसमें पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं को पूर्व में मिलने वाली छात्रवृति बंद कर दी गई है। पिछड़ा एवम् अतिपिछड़ा के छात्र छात्राओं के शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु अन्य पिछड़ावर्ग प्रवेशिकोतर योजना शत प्रतिशत केंद्रीय योजना है, उसमे भी समय पर भुगतान नहीं किया जाता है।

जज बनकर भृगुआश्रम लौटे सौरभ का लोगों ने किया अभिनंदन

केटी न्यूज/बलिया

शहर के भृगुआश्रम स्थित दालपट्टी निवासी स्व. सतीश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट के द्वितीय पुत्र सौरभ कुमार श्रीवास्तव के सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पद पर चयनित होने के बाद पहली बार गृह जनपद आने पर रविवार को जनपद के लोगों ने नागरिक अभिनंदन किया।दाल पट्टी मुहल्ले में आयोजित स्वागत समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सौरभ से आज के युवाओं को सीख लेनी चाहिए। सपा नेता पूर्व विधायक सनातन पांडे ने बताया कि सौरभ कि प्रारंभिक शिक्षा नागा जी विद्या मंदिर (माल्देपुर) से हुई। बी.काम और एम.काम पूना विश्वविद्यालय और एलएलबी की पढ़ाई चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (मेरठ) से की। सौरभ पहले एयरफोर्स में कार्यरत थे। वहां से रिटायर्ड होने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में प्रेक्टिस कर रहे थे। इसके साथ ही पीसीएस (जे) के लिए कड़ी मेहनत की और अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में सौरभ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के पद तक जाएंगे।

सौरभ ने अपनी सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि यह कठिन मेहनत का परिणाम है। युवाओं से अपील की कि वे अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए जी-जान से लग जाए तो सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने सफलता में अपने मामा उदयप्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट, जो इलाहाबाद हाईकोर्ट में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर शासकीय अधिवक्ता है, से काफी मार्गदर्शन मिलने की बात कही।

अभिनंदन समारोह में बड़े भाई सहायक प्रोफेसर मनीष श्रीवास्तव के अलावा अनिल राय, सतीश मेहता, नवनीत श्रीवास्तव एडवोकेट, सुशील कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, नन्हे चौबे, रामनारायण यादव, रजनीकांत श्रीवास्तव एडवोकेट, श्याम नारायण यादव, वीरेंद्र सिंह, सुनील श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, विनायक पंडित, विजय शंकर गुप्ता, बेनी माधव, उमाकांत आदि थे। अध्यक्षता बलराम जी गुप्त एडवोकेट और संचालन निषिध श्रीवास्तव निशु ने किया। इसके पहले सौरभ ने बालेश्वर मंदिर, भृगु मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत अन्य देवी देवताओं का मंदिरों में जाकर माथा टेका।

पूर्व ब्लाक प्रमुख बड़ेलाल बने जिला प्रतिनिधि

बलिया। शोरगुल व हगामे के बीच जिला कुशवाहा सभा बलिया के प्रांगण में ब्लाक इकाई गठन का चुनाव निर्विरोध सकुशल सम्पन्न हो गया। कुल सात पदों के लिए चुनाव हुआ जिसमे सुबह से ही स्वजातीय बन्धुओ की सैकड़ो की संख्या में भीड़ उमड़ गयी। चुनाव अधिकारी रघुनाथ वर्मा के देख रेख में 11 बजे से प्रारम्भ हुआ। आपस में सभी ने सर्व सम्मति से सभी पदो के लिए जिला प्रतिनिधि के लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख बड़ेलाल मौर्य,नगर अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद वर्मा,उपाध्यक्ष लालमोहर वर्मा, महामंत्रीअजित कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा,नगर युवा अध्यक्ष प्रेम वर्मा, नगर युवा मंत्री विशाल कुमार वर्मा को सर्व सम्मति से सभी पदो पर निर्विरोध चुनाव हो गया है। चुनाव की सभी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी रघुनाथ वर्मा के देख रेख में सकुशल सम्पन्न करया गया। नव निर्वाचित जिला प्रतिनिधि पूर्व ब्लाक प्रमुख बड़ेलाल मौर्य ने कहा की समाज के लोगो ने जिस आशा व विश्वास के साथ मुझे जिला प्रतिनिधि का जिम्मेदारी सौपा हैं उसे ईमानदारी के साथ समाज को आगे ले जाने में अपना पूरा पूरा योगदान देने का काम करूंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से श्रीभगवान वर्मा, पवन मौर्या, परमात्मानन्द कुशवाहा ,उमाशंकर, विजय शंकर वर्मा आदि रहे।

खबरें फटाफट

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यशाला का आयोजन

मऊ । राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत परियोजना स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर पंचायत के वलीदपुर मठिया तथा बाबा माधव दास मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह के निर्देशन के क्रम में स्थानीय बाल विकास परियोजना अधिकारी संजीव कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय पोषण मां पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष वलीदपुर श्रीमती सावित्री गुप्ता द्वारा डव प्रचलित करने के पश्चात पांच गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम तथा पांच बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम उनके द्वारा किया गया ।इस मौके पर अध्यक्ष ने महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से गायत्री सिंह, कमलावती देवी ,विभा श्रीवास्तव ,पुष्पा राय तथा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनबाड़ी सहायिका मौजूद रही।

हर्षोल्लास से मना राष्ट्रीय हिंदू संगठन का स्थापना दिवस

सिपाह इब्राहिमाबाद (मऊ)। स्थानीय बाजार में राष्ट्रीय हिंदू संगठन का ग्यारहवाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गयाे कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज प्रणाम,मंगलाचरण,दीप प्रज्जवलन एवं स्वामी विवेकानंद तथा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जन को अपने सारगर्भित संबोधन में वक्ताओं ने राष्ट्रहित में सनातन संस्कृति का अनुगमन करने वालों की सशक्तता और एकजुटता पर बल दियाे कहा कि बहुसंख्यक समुदाय में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर के ही देश की गौरवशाली परंपराओं को अक्षुण्ण रखा जा सकेगा।

मलिन बस्ति में की गई साफ सफाई

मऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मधुबन मऊ द्वारा 25 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत नंदौर ग्राम में मलीन बस्ती(मुसहर बस्ती) में सेवा कार्य किया गया, पूरी बस्ती की स्वयंसेवको ने सफाई किया. वहां के प्रधान श्री सुनील पासवान जी को बुलाकर पूरी बस्ती का भ्रमण कराया गया तथा गांव की जन समस्याओं से उनको अवगत भी कराया गया., कार्यक्रम के संयोजक खंड सेवा प्रमुख लव कुश विश्वकर्मा जी, सह संयोजक नगर सेवा प्रमुख विपिन जायसवाल जी ने महत्तवपूर्ण भूमिका के रुप में कार्यकताओं को उत्प्रेरित किया.

स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री व विधायक ने किया श्रमदान, बोले...

भारत को कचरा मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित

केटी न्यूज/बलिया

'स्वच्छता ही सेवा'पखवाड़ा के तहत एक तारीख,एक घंटे 'स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम' हनुमानगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत बसंतपुर के सुरहाताल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, दयाशंकर मिश्र 'दयालु जी', विधायिका केतकी सिंह, जिले के लिए नामित नोडल बलकार सिंह , जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर जनपद को स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान किया।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के संबोधन में वहां उपस्थित सभी ग्रामवासियों, महिलाओं और अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के आह्वान पर भारत को कचरा मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को स्वच्छ बनाने का जो बीड़ा उठाया है, महात्मा गांधी के बाद ऐसे दृष्टिकोण रखने वाले वे भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान में बच्चों से लेकर बूढ़े तक और गांव से लेकर शहर तक जागरूक होकर सभी भारत को स्वच्छ बनाने दिशा में बेहतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपने शौचालय की साफ सफाई खुद करते थे। इससे प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री ने भारत के गरीब लोगों को भी इज्जत घर (शौचालय) बनवाने का काम किया। आज हर गरीब के पास अपना खुद का शौचालय है। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए आप लोगों की व्यापक सहभागिता की जरूरत है, तभी हमारे देश की बदलेगी। विधायिका केतकी सिंह ने वहां उपस्थित महिलाओं को भोजपुरी भाषा में साफ सफाई और स्वच्छता के संबंध में संबोधन दिया। आज का दिन स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री भारत के गरीब जनता के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने गरीबों के लिए बनवाए गए शौचालयों और आयुष्मान कार्ड के बारे में बताया और कहा कि आप लोग घर की सफाई के साथ-साथ अपने आस-पास के, कूड़ा कचरा, जल जमाव वाले स्थानों व सड़कों की सफाई भी रखेंगे तो संचारी रोगों से आपका महत्तम बचाव हो सकेगा और स्वच्छता का काम भी हो जाएगा।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभारी मंत्री जी और विधायिका केतकी सिंह द्वारा स्वच्छता के बारे में आप लोगों बहुत कुछ बताया है। स्वच्छता लेकर जो प्रधानमंत्री का संदेश है, उसे हम अपने अधिकारियों के माध्यम से लोगों के बीच जाकर जन जागरूकता अभियान के माध्यम से जनपद को स्वच्छ बनाने के लिए आम जनमानस को स्वच्छता श्रमदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। लोग सोचते हैं कि हमारे एक के साफ सफाई से क्या फर्क पड़ने वाला है, तो ये उनका भ्रम है। एक लोगों के शुरूआत करने से इस अभियान में धीरे-धीरे और लोग जुड़ते जाएंगे और देखते-देखते, गांव,शहर और फिर पूरा देश स्वच्छता के इस अभियान में शामिल हो जाएगा। चाहे गांव हो या शहर इस अभियान का लाभ दिख रहा है। सरकार के निर्देश के क्रम में उनके द्वारा संचालित योजनाओं को हम जनपद में शत प्रतिशत लागू करने का प्रयास कर रहे हैं।

किसानों की लाशों पर बनेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे

केटी न्यूज/बलिया

बैनामा हो जाने के बावजूद किसानों को मुआवजे की धनराशि नहीं मिलने पर रविवार को फेफना में किसानो ने बैठक कर 2024 लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया। वहीं किसानों ने कहा कि यदि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–पे बनेगी तो किसानों की लाशों पर बनेगी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे।

किसानों ने कहा कि जिला प्रशासन जानबूझकर किसानों को सता रहा है। बीते दिनों जब चितबड़ागांव में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करने आए थे, उस समय भी किसानों ने आंदोलन किया था, लेकिन उस समय जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि 10 से 15 दिन के अंदर मुआवजे की धनराशि आपके खाते में पहुंच जाएगी। लेकिन अफसोस आज महीनो बीत जाने के बावजूद मुआवजे की धनराशि किसानों को नहीं मिली, ऐसे में किसान अब 2024 लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। गाजीपुर से मांझी तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। लेकिन बैनामा हो जाने के बावजूद मुआवजे की धनराशि नहीं मिलने से किसान खासे नाराज है। अध्यक्षता सिंहपुर गांव के पूर्व प्रधान व किसान राणविजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में पूर्व प्रधान के अलावा मुन्ना सिंह, खेदन मौर्य, सुधीर सिंह, सुनील सिंह, वीरेंद्र सिंह, सतीश तिवारी, आनंद मिश्रा, सहजानंद सिंह, अर्जुन वर्मा, विश्राम यादव, चंद्रपाल तिवारी, बालेश्वर सिंह, सच्चिदानंद सिंह, गोगा राजभर, दिनेश सिंह, सुधील सिंह, मनू वर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बलिया। सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । वहीं पुलिस द्वारा बाउंड्री वाल गिराने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय कि गुहार लगाई है। बलिया के फेफना थाना क्षेत्र के सागरपाली निवासी राजेश सिंह कि तहरीर पर सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पड़ी करने के आरोप में दो लोगों साकेत सिंह और हेमंत सिंह पुत्र सतीश चंद सिंह निवासी सागरपाली के खिलाफ फेफना थाने में सूचना प्रद्योगिकी अधिनियम कि धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। राजेश सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया है कि साकेत और हेमंत द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर अमर्यादित टिप्पड़ी करने से सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा है और अब वो गल्ले कि दुकान संचालित करने नहीं चाहते हैं। थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह का कहना है कि पीड़ित कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

डीएम ने उद्योगों के कम रजिस्ट्रेशन पर उपायुक्त श्रम से मांगा स्पष्टीकरण

केटी न्यूज/मऊ

आज जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण मार्जिन मनी योजना के तहत बैंकों द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्रों के सापेक्ष कम वितरण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को इसमें तेजी लाते हुए अगले 10 दिनों में समस्त स्वीकृत आवेदनों में वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा में नाला एवं पानी के निकासी तथा औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या के स्थाई समाधान हेतु जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम को इस संबंध में यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एनएच 29 पर बढ़वा गोदाम औद्योगिक क्षेत्र के दक्षिण पश्चिम की तरफ साइफेन बनाने के कारण उत्पन्न समस्या के संबंध में उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर से सहयोग लेने तथा एनएच 29 के क्षेत्रीय प्रबंधक को पुनः स्मारक पत्र लिखने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए।

02 से 08 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान

मऊ। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुक्रम में दिनांक 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंर्तगत आज जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर के नेतृत्व में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारी, पराविधिक स्वयं सेवको एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक साफ-सफाई/स्वच्छता हेतु अपना-अपना श्रमदान किया गया। इस दौरान पराविधिक स्वंयसेवको द्वारा बैनर एवं तख्ती के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से महात्मा गांधी के जन्मदिवस 02 से 08 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान हेतु साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

बापू के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन, बांटे गए आयुष्मान भारत कार्ड

गरीबों को इलाज में 5 लाख का मिलेगा सहयोग

केटी न्यूज/मऊ

महात्मा गांधी के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर आयुष्मान भवः योजना अंतर्गत रविवार को मोहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट एवं मऊ प्रभारी मंत्री अनिल राजभर तथा भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड धारक के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के गरीबों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए उन्होंने अंतोदय कार्ड धारकों के साथ-साथ अब पात्र गृहस्थि के कार्ड धारकों का भी आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। आयुष्मान कार्ड बन जाने के बाद गरीबों को 5 लाख रुपए तक का निशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। जिससे आयुष्मान कार्ड धारक कहीं भी अपना इलाज करा सकते हैं।

सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी गरीबों का मुफ्त इलाज होगा। उन्होंने कार्यक्रम में आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड वितरित करते समय संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारी आयुष्मान कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दें ताकि लाभार्थियों को इसका महत्व एवं कैसे इसका प्रयोग करना है आदि की जानकारी प्राप्त हो सके इसके लिए अस्पताल के चिकित्सकों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों खंड विकास अधिकारियों ग्राम सचिव ग्राम विकास अधिकारियों आदि को यह निर्देश दिया गया है कि आयुष्मान कार्ड की जानकारी कर धारकों को जरूर दें। इस अवसर पर-जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी पूनम सरोज, मुन्ना राजभर जिला उपाध्यक्ष ,भारत भीम जनार्दन चौहान, अखिलेश राजभर, रामशरण चौहान मंडल अध्यक्ष , प्रतीक जायसवाल, लाल जी वर्मा, श्रीमती पूजा राय, संतोष सिंह, ओंकार सिंह , समेत अस्पताल के समस्त कर्मचारी चिकित्सक उपस्थित रहे।

खबरें फटाफट

दो घरों में घुस चोरों ने मोबाइल चुराए

चंदौली। मुगलसराय थाना अंतर्गत जलीलपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में चोरों ने बीती रात को दो घर को बनाया निशाना बनाते हुए हजारों रुपए मूल्य के सामान चोरी कर लिए। चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया और दो मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर लिया। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी। जलीलपुर नई बस्ती में अर्द्ध रात्रि में दोनों परिवार के लोग सो रहे थे तभी लगभग ढाई बजे के आसपास एक घर की महिला को कुछ आहट लगी ,तभी वह जाग गई और परिवार के अन्य लोगों को जगा कर बताया ,तब लोगों ने अपने घर की जाँच पड़ताल की तो पता चला की घर रखे मोबाइल चोरों द्वारा चुरा लिया गया है पीड़ित ने भोर में इस बात की सूचना 112 नम्बर पर पुलिस को दी।

बाल श्रम के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

पीडीडीयू नगर। मुगलसराय में बाल श्रम के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 07 बच्चों को बालश्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया तथा नियोजकों को बाल श्रम न कराने हेतु हिदायत दी गई।रेस्क्यू किये गये बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस अधीक्षक चंदौली के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती के कुशल मार्गदर्शन में चंदौली पुलिस के एएचटीयू टीम प्रभारी निरीक्षक इन्द्रभूषण यादव,मुख्य आरक्षी रतन कुमार सरोज,मुख्य आरक्षी शिव कुमार पाल, आरक्षी राम जी धुसिया व श्रम प्रवर्तन कार्यालय से शिवकुमार मौर्य,किशन वर्मा बाल संरक्षण अधिकारी व देशराज सिंह एवं चंदा गुप्ता बचपन बचाओ आंदोलन,महिला आरक्षी नीलम सिंह एवं निशा शामिल रहे।

जनपद स्तरीय कला उत्सव का आयोजन

चंदौली। नगर पालिका इंटर कॉलेज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय कला उत्सव 2023 का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के संयोजक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ महेंद्र कुमार पांडेय एवं नोडल अधिकारी मोहम्मद फिरोज खान द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में 25 विद्यालयों के 104 छात्र छात्राओं ने प्रतिभा किया इस महोत्सव में पारंपरिक लोक संगीत गायन वादन शास्त्री नृत्य लोक नृत्य चित्रकला प्रतियोगिता मूर्ति कला प्रतियोगिता स्थानीय खेल खिलौने एवं खेल एवं नाटक एकल अभिनय का आयोजन किया गया 10 श्रेणियां में 10 छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसमें बालक वर्ग में गौतम, दिनेश कुमार प्रताप प्रजापति बालिका वर्ग में शिवानी तिवारी सृष्टि पांडे प्रिया तिवारी स्नेहा तिवारी स्नेहा मौर्य अंजली यादव पायल सेठ शामिल हैं।

जमीन कब्जा को लेकर दबंगों ने महिलाओं को पीटा

गाजीपुर। शादियाबाद थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में रविवार की सुबह मुन्ना चौहान का परिवार दबंगों की करतूत से पूरी तरह से अनभिज्ञ था। घर पर चढ़कर जबरदस्ती दीवार जोड़ने लगे। जब महिलाएं और बच्चे गए तो आधा दर्जन लोगों को जमकर पीटकर घायल कर दिया। इस सिलसिले में मुन्ना चौहान ने शादियाबाद थाने में दर्जनों महिला पुरुष के खिलाफ नाम से नामजद तहरीर दी तथा घायलों का निजी चिकित्सालय में इलाज कराया। घटना के संदर्भ में भुड़कुड़ा पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि घटना अभी मेरे संज्ञान में नहीं है।

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

केटी न्यूज/गाजीपुर

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा के नेतृत्व में नगर मंडल तथा भाजयुमो कार्यकताओं ने रविवार को पूर्वाह्न सरयू पांडेय पार्क पहुंचकर उनके प्रतिमा एवं चबुतरे की धुलाई-पोछाई कर पार्क में पड़े कचरे को झाड़ू लगाकर साफ किया।

जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिया गया स्वच्छता संदेश आज जनांदोलन बन चुका है। व्यक्ति के अंदर स्वच्छता के प्रति संवेदना जागृत हुई है। लोकसभा संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि स्वच्छता अभियान के आज विशेष अवसर पर महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जन-जन में फैली भावना देश के विकास और समृद्धि को नया आयाम दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्य व्यवहार से देशवासियों के मन और हृदय में जो स्थान बनाया है, वह भारतीय राजनीति तथा देश के समृद्धि का मूल विश्वास भरा आधार है।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता चाहे स्थान की हो चाहे विचारों की यह भारतीयता की पहचान है । उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जहां स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जनांदोलन बनाकर हमारे दिनचर्या से जोड़ दिया है। स्वच्छता के प्रति जागरूक दुकानदारों को भाजयुमो कार्यकताओं ने कचरा पात्र का वितरण कर कचरे को फैलने से रोकने का अनुरोध किया। इस अवसर पर जिला मंत्री सुरेश बिन्द, मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्व प्रकाश अकेला, अविनाश सिंह, हर्षित सिंह, दुष्यन्त अग्रहरि, नितिश दूबे, जयसूर्य भट्ट, अजय कुशवाहा, अजीत सिंह, रितेश पांडेय, हर्षजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका से वर्चुअल माध्यम से वार्ता की

संगीत के जरिए ग्रामीण विकास की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें: मोदी

केटी न्यूज/गाजीपुर

श्रेष्ठ भारत व विकसित भारत के तहत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उदय के उद्देश्य से संचालित आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम के दृष्टिगत दिल्ली स्थित भारत मंडप में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम से ब्लॉक एस्पिरेशनल से इंस्पिरेशनल करने का लक्ष्य है। उन्होंने आकांक्षात्मक ब्लाक कार्यक्रम पोर्टल चैपियंस आफ चेंज का बटन दबाकर शुभारंभ भी किया।जिसका सजीव प्रसारण रायफल क्लब सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष पंकज सिंह चंचल, अपर उप जिलाधिकारी , जिला विकास अधिकारी , पी डी डी आर डी ए, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, गणमान्य नागरिनो ने देखा और सुना।भारत मंडप में आयोजित सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास संकल्प सप्ताह का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनपद बरेली के आकांक्षात्मक ब्लॉक शाहपुर बहेड़ी के कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका रंजना अग्रवाल से वर्चुअल माध्यम से वार्ता की।

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉक मनकोट के पशुधन अधिकारी डॉ साजिद अहमद व मेघालय के ब्लॉक रेशुबेलपुरा के निवासियों व संगीत समूह के प्रतिनिधियों से वार्ता की। प्रधानमंत्री जी द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गयी।प्रधानमंत्री ने मेघालय के ब्लॉक रेशुबेलपुरा के समूह से कहा कि वह संगीत के माध्यम से ग्रामीण विकास की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि मेघालय के घर-घर में संगीत होता है। उन्होंने कहा कि मेघालय का काजू व हल्दी प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जी-20 सम्मिट से कम नहीं है। सरकार संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर है तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रयासरत है। आकांक्षात्मक जिला कार्यक्रम की तरह आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम भी सफल होगा।

उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक ब्लाक कार्यक्रम में लगे सभी कार्मिकों अधिकारियों व अन्य लोगों के साथ-साथ देशवासियों के हर कदम पर उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि वह उनकी टीम का सदस्य बनकर कार्य करेंगे तथा प्रत्येक दिन इसकी समीक्षा भी करेंगे।प्रधानमंत्री ने कहा कि सुशासन से कठिन कार्य करना भी आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब शरीर के सभी अंग सही प्रकार से कार्य करते हैं तभी शरीर स्वस्थ माना जाता है इसी प्रकार अगर कोई ब्लॉक या जिला विकास की गति नहीं पकड़ रहा है और वहां कम विकास हुआ है तो उस पर ध्यान देने और विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की आवश्यकता है।

बी पैक्स सदस्यता महाभियान में चंदौली ने बनाये लक्ष्य से अधिक सदस्य : अजीत सिंह

चंदौली। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा पैक्स को बहुआयामी, बहुद्देश्यीय एवं पारदर्शी बनाने के लिए तैयार की गई मॉडल बॉयलाज के अनुसार यूपी के बी पैक्स द्वारा विगत एक से 30 सितंबर तक चलाए गए सदस्यता महाभियान में चंदौली जनपद ने मिले लक्ष्य से ज्यादा सदस्य बनाये हैं । इस अभियान की सफलता पर बी पैक्स सहकारी समिति नादी विकास खंड चहनिया के प्रतिनिधि अजीत सिंह द्वारा विभाग के सभी अधिकारियों, कर्म चारियों , एवं नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी गई है । अजीत सिंह ने बताया कि चंदौली जनपद के कुल नौ ब्लाकों में लगभग 83 बी पैक्स सहकारी समितियां मौजूद हैं । जिसमे किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं । सहकारिता विभाग द्वारा समितियों को बहु आयामी बनाने के लिए पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमे चंदौली जनपद अपने लक्ष्य से ज्यादा सदस्य बनाया है।

एक नजर

प्रदेश अध्यक्ष का जनपद में हुआ स्वागत

गाजीपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण यादव का रविवर को वाराणसी से मऊ एक कार्यक्रम में जाते समय जनपद में कार्यकताओं व पदाधिकारी ने जगह-जगह प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। जनपद के सीमा में प्रवेश करते ही सिधौना में दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ जिला अध्यक्ष भरथ यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम विजय यादव एवम् अंकित यादव ने फूलमालाओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव का स्वागत किया। सिधौना में स्व. रामकरण दादा के पौत्र राहुल यादव की अगुवाई में स्वागत एवम् बधाई का सिलसिला शुरू हो गया, जहां तमाम पदाधिकारी व कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत करके बधाई दी। इसके बाद फोर लेन से होते हुए। स्वागत एवम् बधाई के क्रम में दारुलपुर में पूर्व प्रधान कमला यादव ने कार्यकर्ताओ के साथ स्वागत किया। खावपुर (देवकली) में राजनाथ यादव सपा ब्लाक अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत से गदगद हुए, नवनयुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों एवम् कार्यकताओं का आभार जताया और कहा कि गाजीपुर की शहीदी धरती पर स्वजातीय बंधुओ का स्वागत और प्यार हमेशा याद रखूंगा। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने मऊ में निर्धारित कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किया।

स्कूली छात्राओं ने की गंगा तट पर साफ सफाई

चंदौली। आचार्य सीताराम चतुवेर्दी महिला महाविद्यालय एवं बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में दो अक्टूबर गांधी जयंती से पूर्व स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत श्रमदान का कार्यक्रम हुआ।श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने डोमरी स्थित गंगा जी के तट पर एवं महाविद्यालय तथा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई किया।बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल के निदेशक मुकुल पांडेय ने स्वयं स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया तथा यह बताया कि राष्ट्रपिता गांधी जी बहुत ही स्वच्छता प्रिय व्यक्ति थे। वह स्वच्छता के प्रतीक माने जाते हैं। इसलिए दो अक्टूबर को उनके जन्मदिवस से एक दिन पूर्व स्वच्छता ही सेवा है। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों से कहा कि अपने आस-पड़ोस तथा घर में साफ-सफाई अवश्य रखें। साफ-सफाई न होने की स्थिति में गंभीर बीमारियों के फैलने का डर होता है। स्वच्छता कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता त्रिपाठी, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. रचिता सिंह, सुरभि पांडेय, प्रतिभा गुप्ता, दिव्या सिंह, सोनिया मिश्रा, कमलेश सिंह, संतोष तिवारी, दीपक मिश्रा, हरेंद्र पांडेय आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

सीएचसी में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन

गाजीपुर। रेवतीपुर गांव स्थित सीएचसी पर शासन के निर्देश पर आयुष्मान भवः के तहत साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी अधिकारी डा. अभिषेक यादव ने किया। आयोजित इस स्वास्थ्य मेले में पहली बार विभिन्न रोगों के चिकित्सा विशेषज्ञों का जमावड़ा लगा, जहाँ विभिन्न रोगों के आए करीब 250 मरीजों का उपचार करने के साथ ही उन्हें परामर्श, दवा वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले में टीबी, हृदय रोग, दंत रोग, डेंगू, एचआईबी, मलेरिया, हीमोग्लोबिन, उदर रोग, आंख, मनो रोग आदि रोगों की जांच की गई ? मरीज व ग्रामीण शासन की ओर से इस तरह के आयोजन को लेकर काफी संतुष्ट दिखे।इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी अधिकारी डाक्टर अभिषेक यादव ने बताया कि आयुष्मान भव साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन से लोगों को काफी मदद मिल रही है,यह शासन की एक अच्छी पहल है।उन्होनें कहा कि इस दौरान दवा, स्क्रीनिंग सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कहा कि आयुष्मान भवः कार्यक्रम से लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा।इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि अब मरीजों को जिला अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है।हर सप्ताह में एक बार इस सीएचसी पर विभिन्न रोगों के चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य मेले में लोगों का निः शुल्क इलाज,परीक्षण व दवा वितरण किया जाएगा।इस अवसर पर डाक्टर अभिषेक यादव,डाक्टर मनीष कुमार, डाक्टर आनंद कुमार,डाक्टर सत्यम्,बबीता सिंह, आशुतोष सिंह, अभिषेक उपाध्याय, अजय? आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य मेले में 1236 मरीजों का हुआ उपचार

चंदौली। जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।जहां मेले में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अन्तर्गत लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने एवं कोविड - 19 के लक्षणयुक्त मरीजों की भी जांच की गई।इसका शुभारंभ सीएमओ डॉक्टर युगल किशोर राय ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों कुल 1236 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 465 पुरुष, 534 महिला एवं 237 बच्चे थे। आज कुल 175 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाए गए कोविड हेल्प डेस्क पर 66 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आई है। मलेरिया के कुल 54 टेस्ट किये गये, जिनमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है। टीबी के लक्षणयुक्त चिन्हित किया गया। मरीजों की संख्या 12 है। मेले में आए समस्त मरीजों का उपचार करते हुए आवश्यक परामर्श एवं दवाएं वितरित की गई।

मनिहारी व जखनियां के 15 ग्राम पंचायत में ग्रामसभा सशक्तिकरण अभियान चलाया गया

गाजीपुर। कासा लखनऊ के सहयोग व विकास जन संगठन के माध्यम से विकास खंड मनिहारी व जखनियां के 15 ग्राम पंचायत में ग्रामसभा सशक्तिकरण अभियान का 23 से 30 सितंबर 2023 तक अभियान व गोष्ठी के माध्यम से विकेंद्रीकरण किया गया है। विकेंद्रीकरण के आयाम विकेंद्रीकरण के लाभ विकेंद्रीकरण एवं सत्ता में ग्रामवासियों की भागीदारी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मनोज द्वारा छह समितियां नियोजन एवं विकास समिति, शिक्षा समिति के कार्य निर्माण कार्य समिति के कार्य, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति के कार्य, प्रशासनिक समिति के कार्य, जल प्रबंधन समिति के कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जनकारी दिया गया।

स्वच्छता सेवा कार्यक्रम का कवरेज करने गए पत्रकार से शिक्षकों ने की मारपीट

केटी न्यूज/गाजीपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तमाम पत्रकारों की सुरक्षा के बात को लेकर दिशा निर्देश तो दिया जाता है, लेकिन पत्रकारों को आए दिन खबर कवरेज को लेकर दबंग खुलेआम मारपीट और बदतमीजी करते हैं। ऐसा ही मामला भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के सदरजहांपुर कंपोजिट विद्यालय पर हुआ, जहां शासन के निर्देश पर संडे को भी विद्यालय खोलने और विद्यालय पर श्रमदान, प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रम आयोजित की जा रही थी।

इसी दौरान दैनिक अखबार के पत्रकार सुरेश चंद पांडेय खबर कवरेज करने के बाद जैसे ही सड़क पर आए और अपने बाइक पर बैठना चाहे, तभी एक सहायक अध्यापक और अनुदेशक ने गमछा से गला कसते हुए टांग कर ऊपर स्कूल के अंदर ले जाने लगे। मौके पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पांडेय और मौजूद ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल दबंगों के चंगुल से पत्रकार को आजाद किया और उन्होंने तत्काल जलालपुर धनी चौकी पर नामजद तहरीर दी। इसके बाद भुड़कुड़ा थाने पर भी दोनों खिलाफ नामजद तहरीर दी। जिसमें भुड़कुड़ा कोतवाल के समक्ष दोनों पक्षों ने आरोप- प्रत्यारोप भी लगाया। सही मामला जानने के लिए सिद्धपीठ मठ भुड़कुड़ा में कसम खाने की बात आई तो पत्रकार सुरेश चंद्र पांडेय तो मठ के अंदर चले गए, लेकिन दबंग सहायक अध्यापक अनुदेशक बाहर रह गए। कुछ लोगों को बुलाकर समझौता करने का दबाव डालने लगा।

खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का आगाज

गाजीपुर। शासन के निर्देश पर जखनियां ब्लाक में खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम के नेतृत्व में ब्लॉक के समस्त अधिकारी और कर्मचारी समेत समूह की महिलाओं की मौजूदगी में ब्लॉक परिसर और भवन के अगल-बगल झाड़ू लगाकर साफ-- सफाई की गई। साथ ही खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को शपथ दिलाई की अपने पास पड़ोस को हमेशा स्वच्छ रखेंगे और दूसरे को भी जागरूक करेंगे। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण रहेगा तो शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगा। जिससे जनजीवन स्वस्थ रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश के बाद स्वच्छता अभियान के तहत तमाम योजनाएं चलाकर भी लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया और आगे भी किया जाएगा इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रिंकू सिंह, अजीत सिंह, एडीओ पंचायत राजकमल गौरव, ओम प्रकाश यादव, अरुण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

केटी न्यूज/चंदौली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वछांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान का आह्वान किया गया। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्थलों, कार्यालयों में सामूहिक श्रमदान किया गया।

इस क्रम में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, विधायक रमेश जायसवाल एवं अन्य जन प्रतिनिधियों सहित सामूहिक रूप से श्रमदान देकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वछांजलि अर्पित की गई।मंत्री द्वय द्वारा झाड़ू लगा कर आम जन मानस को स्वच्छता का संदेश दिया गया।इस अवसर पर महेंद्र नाथ पांडेय ने 45 सफाई कर्मियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने आम जनमानस को दिलाई स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।वहीं जनपद में स्वच्छता ही सेवा कचरा मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत जनपद के समस्त 734 ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, सचिव ग्राम पंचायत, पंचायत सहायक व ग्रामीणों द्वारा अभियान के रूप में सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता शपथ दिलाया गया।

बिना बर्तन के भोजन बना स्काउट गाइड ने किया हतप्रभ

चंदौली। रमन पब्लिक स्कूल नेगुरा में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद की ओर से पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन रंगारंग ढंग से हुआ। जहां स्काउट गाइड ने टेंट निर्माण, पुल निर्माण, गेजेट, एवं बिना बर्तन का भोजन बनाकर सबका मन मोह लिया, बच्चों ने देश गीत, लोक गीत, लोक नृत्य सहित कई प्रतियोगिताओं मे भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड जीवन जीने कि कला है और हर छात्र छात्रा को स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। क्योंकि विपरीत परिस्थितियों में यही प्रशिक्षण काम देता हैं। बृजेश सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड एक देश की आतंरिक सेना हैं,जो विपरीत समय में समाज कि सेवा मे सदैव तत्पर रहता है।इस दौरान प्रणव पाण्डेय, बृजेश सिंह प्रधानाचार्य शिवप्रकाश ,महेन्द्र, योगेश यादव, उपस्थित रहे।

फीस जमा न कर पाने के कारण स्कूल से कट गया था लाल बहादुर शास्त्री का नाम

शास्त्री जी की जन्मस्थली की सुधि नहीं ले रहा प्रशासन

पवन तिवारी/पीडीडीयू नगर

भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री और जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आते ही मुगलसराय वासियों को उनके जन्म स्थली का विकास न होने की टीस सालने लगती है। पूर्व रेल मंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री की जन्मस्थली को स्मारक बनाने के लिए अब भी रेल प्रशासन तैयार नहीं है।

वर्ष 1904 का 2 अक्टूबर का वह पावन दिन था जब मुगलसराय के तत्कालीन कूढे गांव में लाल बहादुर शास्त्री उर्फ ननकू का अपने नाना के आवास पर जन्म हुआ था। गरीबी में बचपन बिताने वाले ननकू का प्रवेश तत्कालीन पूर्व रेलवे प्राथमिक विद्यालय में कराया गया था। फीस न जमा कर पाने की स्थिति में उनका नाम स्कूल से काट दिया गया था। प्रधानमंत्री की गरीबी का यह रिकॉर्ड आज भी पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज में काफी सावधानी और सुरक्षित ढंग से रखा गया है। जिस कूढे गांव में भारत के दूसरे प्रधानमंत्री का जन्म हुआ था वह अब रेलवे की सेंट्रल कॉलोनी के रूप में जाना जाता है। ईमानदारी की मिसाल रहे लाल बहादुर शास्त्री के जन्म स्थल को स्मारक का रूप प्रदान करने के लिए मुगलसराय के लोगों ने काफी हद तक प्रयास किया था, लेकिन रेलवे जन्म स्थल को स्मारक बनाने के लिए तैयार नहीं है।

लगभग 30 वर्ष पूर्व रेलवे कॉलोनियों के विकास के लिए रेलवे सेटलमेंट एरिया के नाम से एक बोर्ड बनाया गया था। बोर्ड ने भी काफी प्रयास किया और जन्मस्थली के चारों ओर एक बाउंड्री बनवा दी। बावजूद इसके रेलवे ने वहां कोई विकास नहीं कराया। लगभग 20 वर्षों से स्थानीय कुछ युवकों ने लाल बहादुर शास्त्री न्यास समिति का गठन कर जन्मस्थली के विकास का बीड़ा उठाया और इसके लिए भाग दौड़ भी शुरू कर दी। कई बार समिति के सदस्य रेल मंत्री से लेकर तमाम बड़े पदों पर बैठे लोगों तक पहुंचे और सादगी की मिसाल रहे पूर्व प्रधानमंत्री की जन्मस्थली के विकास के लिए गुहार लगाई।

न्यास समिति के सदस्य जन्मस्थली पर एक वाचनालय और आदमकद प्रतिमा लगवाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कई बार धरना प्रदर्शन तक किया गया लेकिन कुछ होता ना देख समिति के सदस्यों ने खुद से ही जन्म स्थल पर एक प्रतिमा लगवा दी। अब वहां केवल जयंती एवं पुण्यतिथि पर छोटे-मोटे कार्यक्रम आयोजित होते हैं लेकिन सरकार द्वारा न तो कोई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और नहीं जन्मस्थली के विकास के लिए कोई सोच ही रह गई है। देश में जहां कई हवाई अड्डों और बड़े प्रतिष्ठानों के नाम लाल बहादुर शास्त्री के नाम पर रखे गए हैं वहीं उनकी जन्मस्थली अपने विकास के लिए तरस रही है।